शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश

:: संदेश ::

विश्व वानिकी दिवस
21 मार्च, 2023

प्रतिवर्ष 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस का आयोजन हरियाली के महत्व को रेखांकित करने के लिये किया जाता है, ताकि जन साधारण में पौधा रोपण तथा उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता आ सके। वन पर्यावरण के संरक्षक हैं और पर्यावरण रक्षा के लिये विश्व में जनचेतना का एक व्यापक अभियान चल रहा है।

भारतीय संस्कृति में वृक्षों में देवत्व की अवधारणा और उनकी पूजा की परम्परा प्राचीन काल से रही है भारतीय साहित्य, चित्रकला और वास्तुकला में वृक्ष पूजा के अनेक प्रसंग मिलते हैं। हमने प्रकृति संग सह-अस्तित्व के साथ जीने की अवधारणा की श्रृंखला को तोड़ा है, जिसके कारण पर्यावरण असंतुलन के साथ ही अनेक समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इस दिशा में जागरूकता लाने की दिशा में पहल करते हुए मैंने दो वर्ष पूर्व प्रतिदिन पौधारोपण का संकल्प लिया, जो निरंतर जारी है।

इस वर्ष प्रदेश में सांस्कृतिक वनों के निर्माण की पहल की जा रही है। निश्चय ही इन प्रयासों से भविष्य में पर्यावरण समृद्ध होगा। प्रदेश में जन सहभागिता पर आधारित वन प्रबंधन एवं इसके अंतर्गत विकास की अनेक गतिविधियां चलाई जा रही हैं।

विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर आप सभी से अनुरोध है कि वनोपज उपयोग को यथासंभव सीमित करते हुए पौधा रोपण कर उनकी सुरक्षा क संकल्प लें।

शुभकामनाओं सहित,

(शिवराज सिंह चौहान)